जल संकट | सिंदूर नदी का अस्तित्व संकट में

चौड़ीकरण बना अभिशाप, सूखी नदी

नवभारत, नरसिंहपुर, तेंदूखेड़ा। नरसिंहपुर और रायसेन जिले की सीमा पर स्थित तेंदूखेड़ा तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मदनपुर सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों और ग्रामीणों के निस्तार का सहारा बनीं सिंदूर नदी आज अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। नदी अपने अस्तित्व को बचाने के लिए संघर्ष की लड़ाई लड रही है।

कभी अपने अविरल जलप्रवाह के लिए पूरे क्षेत्र में एक अलग पहचान रखने वाली यह नदी आज पूरी तरह से सूख चुकी है। स्थिति यह है कि क्षेत्र के लोग अब बूंद-बूंद पानी के लिए तरसने को मजबूर हैं।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सिंदूर नदी का पहले एक सीमित और गहरा स्वरूप था। जिससे पानी का ठहराव बना रहता था। मवेशियों को पीने का पानी उपलब्ध रहने लोगों का निस्तार तथा किसानों को पानी मिलने से फसलों और

सब्जियों की पैदावार में सहायक बनीं हुई थी लेकिन समय के साथ और बिना सोचे-समझे हुए इसके चौड़ीकरण के कारण अब नदी में पानी रुकना बंद हो गया है। बरसाती पानी के साथ नदी की चौड़ाई बढ़ने से पानी फैल जाता है और जल्द ही सूख जाता है। प्रशासन द्वारा नदी पर स्टॉप डैम तो बनाए गए हैं । लेकिन पानी का ठहराव न होने के कारण ये स्टॉप डैम भी भीषण गर्मी में सिर्फ शोपीस बनकर रह गए हैं। सिंदूर नदी के सूखने का सीधा असर मदनपुर और उसके आसपास के भूजल स्तर पर पड़ा है। क्षेत्र के कुएं बावड़ी और हैंडपंप दम तोड़ रहे हैं। ग्रामीणों को दैनिक उपयोग और मवेशियों के लिए पानी जुटाने में भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। किसानों के सामने भी रबी और खरीफ फसलों की सिंचाई को लेकर चिंता बनीं रहती है। मदनपुर के जागरूक नागरिकों और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से गुहार लगाई है कि सिंदूर नदी के पुनरुद्धार के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं। ग्रामीणों की मांग है कि नदी का वैज्ञानिक तरीके गहरीकरण कराया जाए। विशेष योजनाएं तैयार की जाएं जिससे बारिश का पानी रोका जा सके। स्टॉप डैमों की मरम्मत और उनके तकनीकी सुधार पर काम हो ताकि पानी का रिसाव बंद हो ।अगर समय रहते प्रशासन ने इस नदी को बचाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए तो आने वाले समय में मदनपुर और आसपास का इलाका पूरी तरह जलविहीन हो जाएगा। सिंदूर नदी को फिर सेजीवन दान देना क्षेत्र के भविष्य के लिए बेहद जरूरी है।

सड़क शोल्डरों की अनदेखी से बढ़ सकता है हादसों का खतरा

नवभारत, गाडरवारा। बारिश के मौसम में सड़कों के किनारे बने शोल्डरों (कच्चे किनारों) की समय पर मरम्मत नहीं होने से सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। कई स्थानों पर सड़क और शोल्डर के बीच गहरा स्तर अंतर (लेवल डिफरेंस) बन गया है। यदि किसी वाहन का पहिया सड़क से उतरकर शोल्डर पर चला जाए तो वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो सकता है। गाडरवारा से पिपरिया और गाडरवारा से सालीचौका मार्ग सहित कई सड़कों पर यह समस्या देखी जा रही है। निर्माण एजेंसियों द्वारा सड़क के किनारों को समतल करने का कार्य समय पर नहीं किए जाने से वाहन चालकों, विशेषकर दोपहिया चालकों के लिए खतरा बढ़ गया है। प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की गई है कि बारिश के दौरान किसी बड़ी दुर्घटना से पहले सड़क शोल्डरों की मरम्मत और समतलीकरण कराया जाए, ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

पहली ही जोरदार बारिश में शक्ति चौक बना तालाब, जलभराव से राहगीर परेशान

नवभारत, गाडरवारा। मानसून की पहली जोरदार बारिश ने ही नगर की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। शहर के व्यस्त शक्ति चौक पर भारी जलभराव हो गया, जिससे राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों और स्थानीय दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश का पानी लंबे समय तक सड़क पर जमा रहने से आवागमन प्रभावित रहा। वाहन चालकों को पानी से होकर गुजरना पड़ा, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के दौरान इस क्षेत्र में जलभराव की समस्या सामने आती है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं किया गया है। नागरिकों ने नगर प्रशासन से मांग की है कि शक्ति चौक सहित शहर के अन्य जलभराव वाले



क्षेत्रों में नालियों की नियमित सफाई कर प्रभावी जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि बारिश के मौसम में आमजन को इस तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के दिए निर्देश

नवभारत, नरसिंहपुर। कलेक्टर रजनी सिंह ने बुधवार को वार्षिक निरीक्षण रोस्टर के तहत अनुविभागीय राजस्व अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय गाडरवारा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयीन व्यवस्थाओं, अभिलेखों के संधारण एवं विभिन्न राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने दायरा पंजी, अपील पंजी सहित अन्य आवश्यक पंजियों एवं अभिलेखों को अद्यतन रखने तथा रिकॉर्ड का नियमित दुरुस्तीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालयीन अभिलेख व्यवस्थित एवं अद्यतन होना सुशासन की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई तथा भू-अर्जन से संबंधित आवेदनों का भी समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

अवैध मादक पदार्थ सहित एक आरोपी गिरफ्तार

नवभारत, नरसिंहपुर। पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध OPERATION EAGLE CLAW जा रहा है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में नशे विरूद्ध लगातर प्रभावी कार्यवाही करते हुए बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थों को जप्त कर सप्लाई में संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

इसी क्रम में नरसिंहपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे OPERATION EAGLE CLAW के तहत अति. पुलिस अधीक्षक, संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) नरसिंहपुर, मनोज गुप्ता के नेतृत्व में थाना करेली पुलिस द्वारा क्षेत्र में भ्रमण

एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान ड्रीम लैंड सिटी के गेट के पास एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया, जो पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल उसका पीछा कर प्रभावी घेराबंदी करते हुए आरोपी को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद हुई। थाना करेली पुलिस की कार्यवाही, आरोपी - पवन पटेल पिता संतोष पटेल, निवासी नरसिंह वार्ड, करेली, जिला नरसिंहपुर। जप्ती 11.5 ग्राम अवैध स्मैक (अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 1.1 लाख रूपए अनुमानित)। वैधानिक कार्यवाही उक्त आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीवद्ध।

प्रतीक्षालय नहीं होने से यात्री हो रहे परेशान

नवभारत, गाडरवारा। एक ओर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व पंचायतों द्वारा अनेक निर्माण कार्य कराने का ढिंढोरा पीटा जा रहा है, मगर दूसरी ओर लोग आज भी अनेक प्रकार की समस्याओं से जूझ रहे हैं। कई ग्रामों में लाखों रुपये खर्च कर ऐसे निर्माण कार्य कर दिए जाते हैं जिनका कोई उपयोग नहीं होता, जबकि जहाँ वास्तव में आवश्यकता होती है। वहाँ निर्माण कार्य नहीं होने से जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसी ही स्थिति जनपद पंचायत चावरपाठा के अंतर्गत ग्राम कोड़िया में देखने को मिल रही है। क्षेत्रवासियों के अनुसार ग्राम कोड़िया बाजार के प्रमुख चौराहे पर यात्री प्रतीक्षालय नहीं होने के कारण यात्रियों को इधर-उधर चाय-पान की दुकानों पर रुकना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी महिला यात्रियों को होती है। कई बार उन्हें असामाजिक तत्वों की छींटाकशी का भी सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि बाजार में यात्री प्रतीक्षालय बनाने की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक किसी भी जनप्रतिनिधि या संबंधित अधिकारी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। प्रतिदिन कोड़िया बाजार में कोड़िया, सुकरी, नरवारा, बिछुआ, चिरैया, महगवां, करहैया, सलैया, सुपारी सहित अनेक गांवों के लोग आते-जाते हैं। बारिश के मौसम में यात्रियों को बारिश में खड़े रहना पड़ता है, जबकि साप्ताहिक बाजार के दिन शनिवार को स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन से शीघ्र यात्री प्रतीक्षालय निर्माण की मांग की है।

श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया 59वां दीक्षा दिवस

नवभारत, तेंदूखेड़ा। विगत दिवस दिगंबर जैन समाज डोभी द्वारा संत शिरोमणि राष्ट्रसंत आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज का 59वाँ दीक्षा दिवस श्रद्धा भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री चंदाप्रभु दिगंबर जैन जिनालय में प्रात:काल विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जिसमें जैन समाज के सभी लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री चंदाप्रभु के अभिषेक एवं शांतिधारा से हुआ। इसके पश्चात आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज की भव्य महाआरती कर उनके दीक्षा दिवस का उत्सव मनाया गया। मंदिर परिसर श्रद्धालुओं के जयघोष और भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा। इस

अवसर पर सिंघई चन्द्रकुमार जैन ने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के त्याग तप संयम और राष्ट्र व समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आचार्य श्री ने अपने जीवन में अनेक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायी ग्रंथों की रचना की जो आज भी समाज को नैतिकता सदाचार आत्मसंयम और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग दिखा रहे हैं। साहित्य और विचारों का संक्षिप्त परिचय देते हुए कहा कि आचार्य श्री का संपूर्ण जीवन अहिंसा सत्य करुणा त्याग और आत्म कल्याण का संदेश देता है। उन्होंने सभी से उनके आदर्शों को अपनाते हुए अहिंसा और सदाचार के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

एक नजर में

विद्यासागर के नाम समर्पित 90 दुर्लभ पौधे

नवभारत, गोटेगांव। परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के 59वें दीक्षा दिवस के पावन अवसर पर अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद, यशोदा संभाग, शाखा गोटेगांव ने पर्यावरण संरक्षण का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। संगठन ने श्रीमती वर्षा राजीव जैन के फार्म हाउस में विशेष वृक्षारोपण कर हरित भारत के संकल्प को साकार किया।

श्रीधाम स्टेशन का पंचमुखी हनुमान मंदिर बना युवाओं की आस्था का केंद्र

नवभारत, गोटेगां। श्रीधाम रेलवे स्टेशन परिसर में विराजमान हनुमान मंदिर पिछले 7 माह से युवाओं की भक्ति और आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। यहां हर मंगलवार शाम बड़ी संख्या में युवा एकत्र होकर ढोल-मंजीरों के साथ संगीतमय महाआरती में उत्साहपूर्वक शामिल हो रहे हैं। मंदिर परिसर में विराजमान विशाल पंचमुखी हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष युवाओं की यह टोली भजन-कीर्तन करती है। जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयकारों से पूरा स्टेशन परिसर भक्तिमय हो जाता है।

फरार आरोपी दीपक लोधी को पुलिस ने जबलपुर से गिरफ्तार किया

नवभारत, नरसिंहपुर। थाना ठेमी क्षेत्र के ग्राम करकबेल में हुई मारपीट की घटना में फरार चल रहे आरोपी दीपक लोधी को नरसिंहपुर पुलिस ने जबलपुर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन भी जप्त कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से माननीय न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया। यह था मामला-ज्ञात हो कि फरियादी जयहिंद सूर्यवंशी, निवासी करकबेल ने थाना ठेमी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि प्रदीप कौरव, निवासी नरसिंहपुर के साथ कुछ व्यक्तियों द्वारा मारपीट की गई। सूचना पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों के विरुद्ध धारा 140(2), 117(2), 351(3), 331, 332, 138, 3/5 बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर चार आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया था। जबलपुर में छिपा था आरोपी घटना के बाद आरोपी दीपक लोधी फरार हो गया था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी गोटेगांव मनीष त्रिपाठी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। पुलिस टीम ने तकनीकी माध्यमों एवं मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। पता चला कि आरोपी जबलपुर में छिपा है। टीम ने तत्काल घेराबंदी कर फरार आरोपी दीपक लोधी को गिरफ्तार कर लिया।

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक कल

नवभारत, नरसिंहपुर। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आगामी 3 जुलाई को प्रात- 10 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने बताया कि उक्त बैठक में विगत बैठक की कार्यवाही एवं अनुपालन प्रतिवेदन, जिले में संचालित केन्द्र प्रयोजित योजनाओं की प्रगति, शिक्षा एवं मानव विकास, कृषि, ग्रामीण एवं सहकारिता विकास, जल, सिंचाई एवं संसाधन प्रबंधन, ऊर्जा एवं अधोसंरचना, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा, उद्योग, कौशल एवं रोजगार, खनिज, पर्यावरण एवं भूमि प्रबंधन और डिजिटल, प्रशासनिक एवं आपूर्ति तंत्र से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा एवं समीक्षा की जाएगी।

जल संरक्षण का लिया सामूहिक संकल्प

नवभारत, नरसिंहपुर। जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के तत्वावधान में विकासखंड साईंखेड़ा के ग्राम खुरसीपार (साईंखेड़ा) स्थित प्राचीन बावड़ी में मंगलवार को 'बावड़ी उत्सव' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से जल स्त्रोतों के संरक्षण, पुनर्जीवन और जनजागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्राचीन बावड़ी की स्वच्छता, रंग-रोगन, पुताई, आकर्षक रंगोली सज्जा, दीप प्रज्ज्वलन, जल स्त्रोत पूजन तथा जल संवाद का आयोजन किया गया। सहभागी जनों ने जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लिया। इस अवसर पर आयोजित जल चौपाल एवं जल संवाद में वक्ताओं ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान केवल जल स्त्रोतों के संरक्षण का अभियान नहीं, बल्कि समाज में जल के प्रति जिम्मेदारी और जनभागीदारी की भावना विकसित करने का प्रभावी प्रयास है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण की दिशा में सामूहिक प्रयास ही भविष्य की जल सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं।

श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया नौका विहार उत्सव

नवभारत, गाडरवारा। स्थानीय श्रीदेव अटल बिहारी मंदिर में मंगलवार शाम भगवान श्रीकृष्ण के पावन नौका विहार उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी कमलेश भार्गव के मार्गदर्शन में आयोजित इस धार्मिक उत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर भगवान के दिव्य दर्शन किए। उत्सव के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का आकर्षक एवं अलौकिक श्रृंगार कर उन्हें सुसज्जित नौका में विराजमान कराया गया। मंदिर परिसर में विशेष रूप से एक बड़े,

चौड़े एवं गहरे पात्र में जल भरकर नौका विहार की मनोहारी व्यवस्था की गई, जिसमें भगवान का विहार श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर भव्य आरती, संगीतमय भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। श्रीदेव अटल बिहारी भक्त मंडल के आह्वान पर आयोजित इस उत्सव में नगर के अनेक श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया।

जन सम्मेलन-सह-लांच कार्यक्रम आज

नवभारत, नरसिंहपुर। मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद भोपाल के अनुसार विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) एक जुलाई 2026 से प्रदेश में प्रभावशील हो गई है। इसके शुभारंभ के अवसर पर 2 जुलाई 2026 को प्रात: 11 बजे राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसका सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। इसी क्रम में जिला स्तरीय जन सम्मेलन-सह-लांच कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में दो जुलाई को जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत देवरीकला में आयोजित किया जाएगा।

स्कूलों में विद्यार्थियों को दिलाई गई साइबर सुरक्षा शपथ

नवभारत, गाडरवारा। लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार क्षेत्र के सभी विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने इंटरनेट का सुरक्षित एवं जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करने का संकल्प लिया।

शपथ के दौरान विद्यार्थियों ने स्वयं तथा अपने परिचितों की व्यक्तिगत जानकारी, पासवर्ड और अन्य महत्वपूर्ण डेटा को सुरक्षित रखने, किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या संदेश पर विश्वास न करने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। साथ ही यह भी प्रतिज्ञा की कि यदि किसी परिचित के साथ साइबर अपराध की घटना होती है तो उसकी शिकायत तुरंत साइबर

हेल्पलाइन 1930, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल तथा निकटतम पुलिस थाने में करेंगे। विद्यार्थियों ने बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाने तथा सतर्क रहकर साइबर सुरक्षित समाज और राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का भी संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से 24 जून 2026 से 8 जुलाई 2026 तक राज्य स्तरीय वृहद साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत प्रदेश के सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा शपथ दिलाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

विधायक ने किया पौधरोपण, 25 छात्राओं को वितरित की साइकिलें

नवभारत, गाडरवारा। साईंखेड़ा विकासखंड के ग्राम भटेरा स्थित पीएमश्री शासकीय हाईस्कूल में सोमवार को स्थानीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने मध्यप्रदेश शासन की नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत 25 छात्राओं को साइकिलें भी वितरित कीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य अरविंद कुमार गुबरेले के सेवानिवृत्ति पर विदाई एवं अभिनंदन समारोह भी आयोजित किया गया। विधायक पटैल ने अपने संबोधन में कहा कि प्राचार्य गुबरेले ने अपने कार्यकाल में विद्यालय का सफल संचालन करने के साथ-साथ विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों का निरंतर

मार्गदर्शन किया। उन्होंने शिक्षा को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखते हुए विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन, नैतिकता और राष्ट्रप्रेम जैसे मूल्यों का विकास किया। उनके नेतृत्व में विद्यालय ने शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं व्यक्तित्व विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। विधायक ने छात्र-छात्राओं से अधिक से अधिक पौधे लगाने और मन लगाकर पढ़ाई करने का आह्वान किया। विद्यालय को हायर सेकेंडरी में उन्नयन की मांग पर उन्होंने कहा कि इस संबंध में उनके स्तर पर प्रयास लगातार जारी हैं। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य सतीश नाईक (बिछुआ) एवं सतीश साहू ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन विनोद दुबे ने व्यक्त किया।

किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, धोखाधड़ी का आरोप

नवभारत, नरसिंहपुर, गोटेगांव। जनवरी माह में हरे मटर की खरीदी के बाद भुगतान न मिलने से परेशान गोटेगांव क्षेत्र के दर्जनों किसानों ने सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। किसानों ने गोपाल एण्ड कंपनी के संदीप पटेल, गोपाल पटेल सहित अमित पटेल, धनंजय मिश्रा उर्फ मनोज, ऋषिराज पटेल और मलखानसिंह पटेल पर धोखाधड़ी कर पेमेंट न देने और फर्जी चैक थमाने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

ज्ञापन के अनुसार, मलखान झारिया, नीरज पटेल, पंकज पटेल, योगेश बरुआ, रविशंकर झारिया, बल्लू पटेल, पुरवर माशबर, आदर्श पाराशर, आसू पाठक, मयंक पटेल, चंद्रिका तिवारी, पंकज दुबे, विश्वनाथ पटेल, रामसेवक पटेल, इमलिया जोगेन्द्रसिंह सालीवाडा, महेश झागरिया सहित विकासखंड गोटेगांव के किसानों ने जनवरी

माह में अमित पटेल, कूसीवाड़ा के माध्यम से हरा मटर बेचा था। संदीप पटेल गोपाल एण्ड कंपनी के यहां तुलाई कराकर मटर बाहर की मंडियों में भेजा गया। अमित पटेल ने किसानों से 10 दिन में भुगतान का वादा किया था। लेकिन आज तक किसानों को कोई पेमेंट नहीं मिला। लेबर का भुगतान, भाड़ा और आगामी फसल की बोनी भी अटकी है, जिससे किसान आर्थिक व मानसिक रूप से परेशान हैं। किसानों का आरोप है कि पेमेंट न कर जबलपुर निवासी मनोज उर्फ धनंजय मिश्रा की प्रोपराइटरशिप वाली गुरुजी एण्ड कंपनी के चैक दिए गए, जो बाउंस हो चुके हैं।

कार्यवाही की मांग

आरोपियों संदीप पटेल और गोपाल पटेल के मोबाइल भी बंद आ रहे हैं। किसानों ने कहा कि आरोपियों ने हरे मटर का पेमेंट न चुकाने के लिए जानबूझकर फर्जी चैक दिए और धोखाधड़ी की। किसानों ने कलेक्टर से संदीप पटेल, गोपाल पटेल, अमित पटेल, धनंजय मिश्रा, ऋषिराज पटेल, मलखानसिंह पटेल के विरुद्ध हरे मटर का पेमेंट न चुकाने के एवज में कठोर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन की प्रतिलिपि थाना प्रभारी गोटेगांव, पुलिस अधीक्षक, मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री को भी भेजी गई है।

कलेक्टर ने दिए शिक्षा विभाग को सख्त निर्देश

नवभारत, नरसिंहपुर। कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर में विकासखंड चीचली के समस्त प्राचार्यों, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं बीआरसी/ बीएसी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, बोर्ड परीक्षा परिणाम, छात्र उपस्थिति, नामांकन, अधोसंरचना, अपार आईडी, आधार सीडिंग सहित शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए अधिकारियों एवं प्राचार्यों को समयबद्ध और प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, बेहतर परीक्षा परिणाम और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि कक्षा 9वीं से 12वीं तक का पाठ्यक्रम नवंबर-दिसंबर तक पूर्ण कराया जाए। कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणामों में उल्लेखनीय सुधार लाने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए। मेधावी विद्यार्थियों को मेरिट सूची में स्थान दिलाने तथा JEE एवं NEET जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए। बैठक में कमजोर विद्यार्थियों के लिए जुलाई माह से रेमेडियल कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से गणित एवं अंग्रेजी विषयों पर ध्यान देते हुए विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें बेहतर श्रेणी में उत्तीर्ण कराने के प्रयास किए जाएंगे। प्रत्येक माह कम से कम दो मूल्यांकन परीक्षण अनिवार्य रूप से आयोजित किए जाएंगे।